


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 06 जनवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 118 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# रिकार्ड ऊंचाई पर चांदी

**चांदी आज यानी 6 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 7,725 रुपए बढ़कर 2,44,788 रुपए हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,37,063 रुपए किलो थी।**

**● वैश्विक तनाव का असर, सोने की कीमतों में भी तेजी**

**नई दिल्ली।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर ज्यादा रुख कर रहे हैं। इसके कारण घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वायादा कारोबार दोनों में सोने और चांदी की कीमतों में वृद्धि हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीक्स) पर, फरवरी डिलीवरी के लिए सोने के वायदा भाव में 445 रुपये या 0.32 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह लौट के कारोबार में 1,38,565 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कमोडिटी बाजार में चांदी के वायादा भाव में भी मजबूती आई, मार्च अनुबंध 12,105 लॉट में 3,715 रुपये या 1.51 प्रतिशत बढ़कर 2,49,870 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, कॉमेक्स गोल्ड फ्यूचर्स फॉर फरवरी में 24.9 अमेरिकी डॉलर या 0.56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,476.4 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के वायदा भाव में भी निवेशकों की खरीदारी देखने को मिली। कॉमेक्स बाजार में, चांदी की कीमत में लगातार तीसरे दिन बढ़त जारी रही और यह 1.79 अमेरिकी डॉलर या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 78.45 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा कि वेनेजुएला में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की बढ़ती मांग के कारण सोने की कीमतें 4,450 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गईं। यह लगातार तीसरे सत्र में बढ़त दर्ज कर रही हैं। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलांत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की खेप को लेकर कोलंबिया, क्यूबा और मैक्सिको के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकियों ने निवेशकों की भावना पर और अधिक दबाव डाला है।



## यूपी में 12 करोड़ 55 लाख से ज्यादा मतदाता, एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट जारी

**लखनऊ।** यूपी में SIR की पहली रफ सूची जारी हो गई है। अब लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। रफ मतदाता सूची में नाम न होने पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उनके पास एक महीने यानी 6 फरवरी तक का समय होगा। इन्हीं 30 दिनों में दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। मतदाता सूची का मसौदा पहले 31दिसंबर को प्रकाशित होना था। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिन्वा ने पहले बताया था कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी। 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण के दौरान दावों और आपत्तियों पर निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च 2026 को होगा।



# ट्रेन उड़ाने की धमकी से हड़कंप

**● काशी एक्सप्रेस, ट्रेन खाली कराकर दो घंटे हुई चेकिंग**

**मऊ।** मऊ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब काशी एक्सप्रेस ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही गोरखपुर से वाराणसी तक रेलवे और पुलिस विभाग में खलबली मच गई। ट्रेन को मऊ जंक्शन पर रोककर यात्रियों को उतारकर दो घंटे तक चेकिंग की गई। काशी एक्सप्रेस (15018) रोज सुबह गोरखपुर से चलकर मुंबई लोकमान्य तिलक तक जाती है। मंगलवार की सुबह 5:53 बजे ट्रेन गोरखपुर से यात्रियों को लेकर रवाना हुई। इसी बीच इंटरनेट के माध्यम से किसी ने ट्रेन में बम होने की सूचना दी। ट्रेन 9:32 बजे मऊ जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची।

ट्रेन स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही पहले से मौजूद अधिकारियों ने यात्रियों को बाहर निकालकर चेकिंग शुरू कराई।

## कर्नाटक की अदालत में बम की धमकीः जिला अदालत में रोकनी पड़ी कार्यवाही

**बंगलूरु।** मैसूरु की जिला अदालत को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिसके बाद अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर परिसर को खाली करा दिया। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि धमकी मिलने के बाद न्यायिक अधिकारियों, वकीलों, वादियों और अदालत के कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाल लिया गया और अदालती कार्यवाही को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर भेजा गया।

# जेएनयू में आधी रात प्रदर्शन, पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी

**● शरजील-उमर को जमानत न मिलने के बाद छात्रों ने जताया रोष**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में उस समय तनाव का माहौल बन गया जब छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज होने के बाद प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और विवादित नारे लगाए गए। वही, इस मामले में जेएनयू के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर ने वसंत कुंज पुलिस स्टेशन एसएचओ को पत्र लिख एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

सोमवार रात हुए विरोध प्रदर्शन के एक कथित वीडियो के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की गई। यह घटना 5 जनवरी 2020 को जेएनयू परिसर में छात्रों पर हुए हमले की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई। जेएनयू छात्र संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने शरजील इमाम और उमर खालिद को जमानत न मिलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गया है और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है।




जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन की प्रेसिडेंट अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल, स्टूडेंट्स 5 जनवरी, 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं। मिश्रा ने बताया,'विरोध प्रदर्शन में लगाए गए सभी नारे वैचारिक थे और किसी पर भी व्यक्तिगत हमला नहीं करते थे। वे किसी खास व्यक्ति के लिए नहीं थे।'

बता दें कि 5 जनवरी, 2020 को कैंपस में हिंसा भड़क गई थी। जब नकाबपोश लोगों की भीड़ कैंपस में घुस गई और तीन हॉस्टलों में छात्रों को निशाना बनाया। लाठियों, पत्थरों और लोहे की रॉड से हमला किया।

## बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने हिंदू महिला से किया गैंगरेप

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश से हिंदू महिला से हैवानियत का मामला विधवा महिला के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया। महिला को पेड़ से बांधकर पीटा गया। झिनाईदा जिले में यह वारदात हुई है। चार लोगों के खिलाफ हालांकि शिकायत दर्ज की गई है। हसन नाम का आरोपी गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि दो स्थानीय युवकों ने महिला को पेड़ से बांधकर उसके साथ रेप किया और उनके बाल काट दिए। यह घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। घटना की रात महिला को इतनी यातनाएं दी गई कि वह बेहोश हो गई।

## *थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने का फैसला बरकरार*

**मद्रास।** तमिलनाडु के मदुरै में थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथून में दीपम जलाने के मामले को लेकर मद्रास हाईकोर्ट ने एकल न्यायाधीश के फैसले को बरकरार रखा है। कार्तिगई दीपम विवाद को लेकर मंगलवार को आए मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को बड़ा फैसला माना जा रहा है। थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दरगाह के पास स्थित दीपथून पर दीप जलाने को लेकर हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश ने निर्देश जारी किए थे। हालांकि, तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने कानून-व्यवस्था बिगड़ने का हवाला देकर प्रशासन की तैनाती से इनकार कर दिया था। तमिलनाडु सरकार ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मद्रास हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन और न्यायमूर्ति केके रामकृष्णन की खंडपीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा कि अपीलकर्ताओं- जिनमें राज्य सरकार, हजरत सुल्तान सिकंदर बादशाह अवुलिया दरगाह शामिल हैं- यह दिखाने के लिए ठोस सबूत पेश करने में विफल रहे हैं।




## करूर भगदड़ मामले में अभिनेता विजय को सीबीआई का नोटिस

**चेन्नई।** इन दिनों थलापति विजय अपनी अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 जनवरी को रिलीज हो सकती है। लेकिन इससे पहले ही अभिनेता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें करूर भगदड़ मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई ने नोटिस जारी किया है।

12 जनवरी को थलापति विजय को दिल्ली स्थिति सीबीआई हेडक्वार्टर में पेश होना है। उनसे करूर भगदड़ मामले को लेकर पूछताछ की जाएगी। बताते चलें कि 27 सितंबर 2025 को तमिलनाडु के करूर में विजय की पार्टी टीवीके की एक जनसभा हुई थी, जिसमें भगदड़ मच गई थी।

# नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव

**● कर्फ्यू से काबू में हालात, भारत में बढ़ाई गई सुरक्षा**

**नई दिल्ली।** नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव बना हुआ है। सांप्रदायिक सोशल मीडिया वीडियो से उपजा पूरा विवाद धार्मिक स्थल से जुड़ा है। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने एहतियाती कर्फ्यू लगाने का एलान किया। पड़ोसी देश में तनाव और उथल-पुथल के बीच भारत में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नेपाल की सरकार ने कहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें।

गौरतलब है कि बीरगंज की सीमा भारत में बिहार से लगती है। यहां रविवार से ही लगातार तनाव बढ़ रहा है। टिकटॉक पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव शुरू हुआ था। इसकी शुरुआत धनुषा में कमला नगरपालिका से हुई। रिपोर्ट्स में धार्मिक किताबों को जलाने की बातें भी सामने आई। हालात की समीक्षा के बाद सरकार और स्थानीय प्रशासन ने बस पार्क, नागवा, इनारवा पूर्व; सिरसिया नदी (पश्चिम); गंडक चौक (उत्तर) और शंकराचार्य गेट दक्षिण को संवेदनशील इलाके के रूप में चिह्नित किया है। प्रशासन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि 'कर्फ्यू के दौरान, सुरक्षाकर्मियों को देखते ही गोली मारने का अधिकार दिया गया है। इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि बहुत जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें। बाहर निकलने की विवशता होने पर निकटतम सुरक्षाकर्मी से संपर्क करें।

## 'देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा है आरएसएस'- खड़गे

**बंगलूरू।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने मंगलवार को आरएसएस को देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा बताया। प्रियांक खरगे ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ दायर कानूनी मामले संगठन के बारे में उनकी ओर से उठाए गए सवालों की प्रतिक्रिया हैं। प्रियांक खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक अखबार का लेख साझा किया, जिसमें बताया गया था कि एक आरएसएस सदस्य की ओर से दायर मानहानि की शिकायत के मामले में अदालत ने उन्हें और साथी मंत्री दिनेश गुंडू राव को नोटिस जारी किया है।

# संभल में मस्जिद और मकानों पर फिर चला बुलडोजर

**● प्रशासन ने की अवैध निर्माण पर कार्रवाई**

**संभल।** संभल जिले के रायाबुजुर्ग गांव के पास सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण पर प्रशासन ने बृहस्पतिवार को कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासनिक टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध रूप से बनी मस्जिद और दो-तीन मकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर डटे रहे।

संभल के क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया कि रायाबुजुर्ग में कुछ लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया था। इसमें एक मस्जिद और दो-तीन मकान शामिल थे। कब्जाधारियों ने तीन दिन का समय मांगा था लेकिन तय समय में निर्माण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने अवैध रूप से बनी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया।

मकान मालिकों को भी कई बार नोटिस दिए गए लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार ने बताया कि संबंधित लोगों ने निर्माण और जमीन को लेकर कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया। अब वह स्वयं अतिक्रमण हटाने में लगे हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से 14 के दौरान लोगों ने सरकारी भूमि पर मस्जिद और तालाब की जमीन पर बरात घर बनाकर उनका व्यावसायिक उपयोग किया था। इन



सभी अतिक्रमणों को हटाया जा चुका है। तहसीलदार ने बताया कि पूरे मामले में जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0C
● तापमान न्यूनतम : 7.20C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 06 जनवरी, मंगलवार, 2026 (3)


छाया : जनमुख डेस्क

## 95वीं जयंती पर याद किये गये कल्याण सिंह

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल राजस्थान प्रदेश, कल्याण सिंह की 95वीं जयंती समारोह 05 जनवरी को दी रायल ग्रीन गार्डेन परमानन्दपुर शिवपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनके कृत्यों पर चर्चा करते हुए डॉ. राम सकल प्रजापति ने कहा कि 1992 में जब बाबरी ढांचा ध्वस्तम हो रहा था तब कल्याण सिंह ने गोली नहीं चलाने का आदेश दिया। हमारा समाज पार्टी के रा. अध्यक्ष रविशंकर अंगारा ने कहा कि कल्याण सिंह ने बाबरी विध्वंस कराकर मुख्यमंत्री पद का परित्याग किया। समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने कहा कि उनके नकल विहीन परीक्षा की चर्चा आज भी होती है मदनपुरा का दंगा रूकवाकर उन्होंने ऐतिहासिक कार्य किया। स्त्रमारोह में अम्बरीष पाण्डेय, घनश्याम पटेल शम्भूनाथ चौरसिया, सुभाष गुप्ता, लल्लन सिंह, राजकुमार, सुधीर पटेल, गनेश पटेल जिलाध्यक्ष गिरजा पटेल ने किया।

# सकट चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब





**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** आज गणेश सकट चतुर्थी के पर्व के अवसर काशी के गणेश मंदिरों में आस्था की भीड़ नजर आ रही है, इसी कड़ी में शिव के नगरी में उनके पुत्र गणेश भगवान के दर्शन के लिए प्रसिद्ध बड़ा गणेश मंदिर नगर के सभी गणेश मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा हुआ है, जहां सुख समृद्धि और संतान सुख के लिए महिलाओं और पुरुषों की भीड़ लगी हुई है, पूरे क्षेत्र जय गणेश के जयकारे से गूंज रहा है।

माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि यानी आज श्रद्धालुओं ने गणेश चौथ का व्रत रखा है। ऐसे में वाराणसी स्थित बड़ा गणेश मंदिर में मंगलवार की सुबह से भक्तों की लाइन लगी है। दर्शन- पूजन का सिलसिला जारी है। जिले में छप्पन विनायक व गणेश मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। श्रद्धालुओं का यह व्रत 16 घंटे तक जारी रहेगा।

● चंद्रोदय के बाद व्रत पारण करने की है मान्यता

महिलाएं संतान की प्राप्ति व लंबी आयु की कामना कर रहीं। बड़ा गणेश मंदिर में भक्तों का रेला भोर से ही लगा है। मान्यता के अनुसार चंद्रोदय रात 8:39 बजे होने के बाद लोग व्रत का पारण करते हैं।

श्रीगणेशजी का प्राकट्य महोत्सव माघ मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाने की धार्मिक व पौराणिक मान्यता है। इस मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी तिथि को वक्रतुंड चौथ, माघी चौथ, संकष्टी तिल चतुर्थी, तिल चौथ, तिलकुटा चौथ एवं गौरी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। श्रद्धालु गणेश चौथ का व्रत गणेश जी को समर्पित है।

श्रद्धालु सुबह से रात में चंद्रोदय तक व्रत रखकर भगवान गणेश जी का पूजन अर्चन करते हैं। चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद गजानन को तिल और गुड़ से बने सवा किलो प्रसाद, दूर्वा और फूल अर्पित कर व्रत का पारण करते हैं। बड़ा गणेश मंदिर के मंहत राजेश तिवारी ने बताया गणेश चौथ पर श्रद्धालु दूर-दूराज से दर्शन करने आते हैं। मंदिर के कपाट भोर में मगंला आरती के बाद खोल दिए गए। दोपहर में भोग आरती की गई। रात में मंदिर का कपाट रात में 12 बजे बंद होगा। गणेश जी यहां त्रिनेत्र के रूप में दर्शन देते हैं। भीड़ को देखते हुए मंदिर जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई है।




# 30 जनवरी से 01 फरवरी तक होगा पिंडरा महोत्सव का आयोजन

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पिंडरा महोत्सव आयोजित होगा।

● सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नामचीन कलाकार करेंगे भागीदारी

इस बाबत सर्किट हाउस सभागार में मा विधायक पिंडरा डॉ अवधेश सिंह एवं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजन को लेकर बैठक की गई। बताया गया कि पिंडरा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन 30 जनवरी 2026 से 01 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। महोत्सव में प्रत्येक दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें नामचीन कलाकारों सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा गीत संगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। महोत्सव के दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के मध्य रैलियों सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल के साथ ही महिला एवं दिव्यांग जनों को उपकरण भी वितरित किए जाएंगे। बैठक के दौरान आयोजन को विस्तृत चर्चा



करते हुए जिलाधिकारी ने संयुक्त निदेशक पर्यटन एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पिंडरा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु कलाकारों के चयन सहित सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित कर लिए जाने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रखर सिंह, संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार, सहायक निदेशक सूचना सुरेंद्र पाल, जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, सांस्कृतिक अधिकारी डॉ रामनरेश पाल, पवन सिंह, पर्यटन सूचना अधिकारी नितिन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरपीएफ ने बाल श्रम वाले 27 बच्चों को छुड़ाया

**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन पर पिछले एक साल में आरपीएफ ने 10 किलो चरस और 23 किलो गांजा पकड़ा, जबकि बाल श्रम के लिए ले जाए जाने वाले 27 बच्चों को भी छुड़ाकर छह मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ ने यह आंकड़ा जारी किया है। इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल की ओर से ऑपरेशन नन्हे घर फरिश्ते के तहत घर से भाग कर, भटक कर स्टेशन पर आने पर कुल 422 मामलों में बच्चों को बचाया गया। जीआरपी वाराणसी के सहयोग में से करीब पांच करोड़ रुपए के 10 किलोग्राम चरस की बरामदगी की गई।

# सिंधी समाज ने मंडलीय अस्पताल में की मानव सेवा

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** आज पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत समाज के तत्वावधान में सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा

● जरुरतमंदों को वितरित किया कंबल

कबीर चौराहा अस्पताल में मानव सेवा की एक सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर आईसीयू वार्ड की इंचार्ज डॉक्टर अमृता सिंह एवं अर्जुन तिवारी के सहयोग से लावारिस मरीज एवं जरूरतमंदों को 101 कंबलों का वितरण किया गया।

इस सेवा कार्य में विशेष रूप से



शंकर विशनानी, उपाध्यक्ष श्रीचंद पंजवानी, हीरा घावरी एवं सुमित धमेजा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्द मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने हेतु किया गया यह सेवा कार्य समाज में मानवता, सहयोग और करुणा का सुंदर संदेश देता है। इस मौके पर बिजय यादव, सूरज यादव, बाडू यादव, आयुष, लल्ला, बाबू यादव आदि उपस्थित थे।

## काशी में होगा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का भव्य स्वागत

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** उत्तर प्रदेश भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी 7 जनवरी को अपने दो दिवसीय प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। उनके स्वागत और कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विस्तृत रोडमैप तैयार कर लिया है।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी 7 जनवरी को गोरखपुर से सड़क मार्ग द्वारा गाजीपुर होते हुए सायं लगभग 5 बजे वाराणसी की सीमा में प्रवेश करेंगे। वाराणसी सीमा में प्रवेश करते ही जिला भाजपा द्वारा कैथी में ढोल-नगाड़े, शंखनाद एवं गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात भाजपा महानगर द्वारा आशापुर में काशी की परंपरा के अनुरूप 'हर-हर महादेव' के उद्घोष एवं पुष्पवर्षा के साथ प्रदेश अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन किया जाएगा। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की जोरदार तैयारी की जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष के आगमन एवं कार्यक्रमों को लेकर रोहनिया स्थित भाजपा काशी क्षेत्र कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 7 जनवरी की रात्रि सर्किट हाउस में विश्राम करेंगे। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को पूर्वाह्न 9 बजे प्रदेश अध्यक्ष काशी विश्वनाथ एवं काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके पश्चात वे भेलूपुर के जवाहरनगर कॉलोनी स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय जाएंगे। पूर्वाह्न 11 बजे रोहनिया स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में वाराणसी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला व महानगर के पदाधिकारी, सातों मोर्चों के अध्यक्ष एवं सभी मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

## दहेज प्रताड़ना में छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना नथईपुर गांव निवासी महिला ने दहेज प्रताड़ना में पति समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस को तहरीर में पीड़िता शबनम बानो ने बताया कि 21 जनवरी को उसकी शादी गाजीपुर निवासी इश्तियाक अहमद से हुई। शादी में एक लाख नकदी समेत अन्य सामान ससुराल वालों को मिला। बुलेट और चेन की मांग पूरी न होने पर पति तलाक की धमकी दे रहा है। तहरीर के आधार पर पीड़िता के पति इश्तियाक अहमद, सास खुदाईजा, जेठ अब्दुल सलाम व अब्दुल कलाम, जेठानी जमीला व पुत्तुल और मोसारिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# काशी से उठी अंकिता भंडारी के लिए न्याय की मांग

● कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** उत्तराखंड की 19 वर्षीय बेटी अंकिता भंडारी की नृशंस हत्या को लेकर पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने और पूरे प्रकरण की स्वतंत्र सीबीआई जाँच की माँग को लेकर सोमवार शाम वाराणसी के लहुराबीर स्थित आज़ाद पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा का संयोजन महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती अनुराधा यादव एवं महानगर अध्यक्ष श्रीमती पूनम विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

उपस्थित जनसमूह ने अंकिता भंडारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुराधा यादव व महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस पूनम विश्वकर्मा ने कहा किङ भाजपा सरकार द्वारा दिया गया 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा आज पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। अंकिता भंडारी जैसी 19 वर्षीय बेटी को न्याय न मिलना सरकार की संवेदनहीनता और सत्ता संरक्षण की राजनीति को उजागर करता है। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कीङ अंकिता भंडारी हत्याकांड केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे देश की बेटियों की सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। यदि सरकार सच में बेटियों के प्रति गंभीर है तो इस पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र सीबीआई जाँच तत्काल कराई जानी चाहिए। दोषी चाहे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों, उन्हें कड़ी से कड़ी सज़ा मिलनी चाहिए। उक्त कार्यक्रम में राघवेन्द्र चौबे, सजीव सिंह, सतनाम सिंह, दिलीप चौबे, अनुराधा यादव, पूनम विश्वकर्मा, पूनम कुंडु, हसन मेहदी कब्बन, प्रमोद वर्मा, संतोष चौरसिया, राजेन्द्र गुप्ता, रेनू चौधरी, रंजना गुप्ता, अफसर खां, रोहित दुबे, परवेज खां, शहजहा, अब्दुल हमीद डोडे, श्रीमती भव्या निषाद, विकास पाण्डेय, शशी सोनकर, डिम्पल सिंह, सुरेन्द कन्नौजिया, कृष्णा दुबे, नन्ही बेगम, रामजी गुप्ता, किशन यादव, बदरे आलम सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# अयोध्या में भव्य राम मंदिर कल्याण सिंह की ही देन, 94 वें जन्मदिन पर किए गए याद

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** सोमवार को नयी सड़क स्थित सनातन धर्म ई0 कालेज में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र के द्वारा पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल के नेतृत्व में राममंदिर आंदोलन के नायक तथा देश के पिछड़ा वर्ग के सर्वोच्च नेता स्व0 कल्याण सिंह की 94 वीं जन्म-जयंती धूमधाम से मनायी गयी।

कार्यक्रम में सभी लोगों ने सर्वप्रथम आदरणीय बाबू जी के चित्र पर पुष्पांजलि, श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया तथा उनके द्वारा राममंदिर आदोलन कारसेवकों के सहयोग में दिए गए तथा अद्भुत क्षमता शक्ति के योगदान को याद किया।

अध्यक्ष अनूप ने बताया आदोलन के लिए जिस बेबाकी से प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी ठोकर मारकर त्याग देने वाले स्व0 कल्याण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा था कि राममंदिर के लिए ऐसी सौ मुख्यमंत्री के कुर्सी को ठोकर मार सकता हूँ। आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का स्वरूप कल्याण सिंह के ही कारण है। प्रदेश में उनके शासन के कार्यकाल को लोग रामराज्य की ओर ले जाने वाले शासन के रूप में याद करते हैं। एक सुदृढ़, सुशासन, अपराध, आतंकवाद पर नकेल कसने के लिए उत्तर प्रदेश में एसटीएफ का गठन बाबूजी की ही देन है। उनके द्वारा किए गए अनेक कार्यो को लोगों ने याद किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा नेता ओम प्रकाश यादव 'बाबू' थे। कार्यक्रम का नेतृत्व पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, व संचालन धीरेंद्र शर्मा ने किया,धन्यवाद मनीष चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में डा0 सोहनलाल आर्य, लालजी गुप्ता, बाबू आदित्य गोयनका,कन्हैया लाल सेठ, सुनील कन्नौजिया एडवोकेट, सिद्धनाथ गौड अलगू,निर्मल मिश्रा, चन्दन केसरी, प्रदीप जायसवाल,गोपाल जी गुप्ता,धरमचंद,राहुल



सेठ,रोहित सेठ,प्रकाश गुप्ता,अंशु खरवार, बनारसी जी आदि लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल में खिलाड़ियों के जज्बे ने जीता दिल

● दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया जबरदस्त दमखम, हर अंक के लिए दिखी कड़ी जद्दोजहद

● कश्मीर से कन्याकुमारी तक की शीर्ष टीमें मैदान में

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन सोमवार को कई रोमांचक मुकाबले हुए। देशभर की दिग्गज टीमों के बीच हो रही इस जंग ने खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया है। दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने जबरदस्त दमखम दिखाया। इस दौरान हर अंक के लिए कड़ी जद्दोजहद दिखी। तकनीकी कौशल, ऊंचे जंप और सटीक स्मैश के साथ यह प्रतियोगिता अब अपने चरम पर पहुंच गई है। पुरुष वर्ग में हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच हुआ मुकाबला बेहद कड़ा रहा, जिसमें हिमाचल ने 3-1 से जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग में महाराष्ट्र और तमिलनाडु ने एकतरफा मुकाबले जीतकर अपनी लय बरकरार रखी। चैंपियनशिप के दूसरे दिन दिल्ली, उत्तर प्रदेश, केरल और महाराष्ट्र जैसी दिग्गज टीमों ने अपने मुकाबले एकतरफा अंदाज में जीतकर अगले दौर के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की।

**हिमाचल और बंगाल के बीच कांटे की टक्कर**

पुरुष वर्ग के सबसे रोमांचक मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने पश्चिम बंगाल को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की, जबकि अधिकांश अन्य मैचों में



पसंदीदा टीमों का दबदबा रहा।

**सर्विसेज व पंजाब में दिखा कड़ा मुकाबला**

चैंपियनशिप के सबसे कड़े मुकाबलों में से एक सर्विसेज और पंजाब के बीच हुआ। सर्विसेज ने अपनी आक्रामकता और बेहतर तालमेल के दम पर पंजाब की मजबूत चुनौती को 3-2(23-25,25-16,26-28,25-19,15-10) से से पार किया। सर्विसेज के सटीक सर्विस और स्मैश के सामने पंजाब का डिफेंस बेअसर साबित हुआ।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक की शीर्ष टीमें मैदान में दूसरे दिन छत्तीसगढ़ ने चंडीगढ़ को और असम ने पुदुचेरी को हराकर अपनी दावेदारी को और मजबूती दी।राष्ट्रीय स्तर की इस चैंपियनशिप का उद्देश्य न केवल श्रेष्ठता साबित करना है, बल्कि भारतीय वॉलीबॉल को वैश्विक ऊंचाइयों पर ले जाना भी है।

**सांसद मनोज तिवारी ने बढ़ाया उत्साह**

मैच के दूसरे दिन मुकाबले देखने पहुंचे सांसद मनोज तिवारी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के सांसद ने सर्विसेज और पंजाब की टीम से परिचय प्राप्त किया और मैच का लुत्फ भी उठाया। इस दौरान आयोजक समिति के अध्यक्ष व महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बुके देकर मनोज तिवारी का स्वागत किया। मनोज तिवारी ने कहा कि देश की मिट्टी में छिपे इस हुनर से ही भविष्य के ओलंपिक सितारे निकलेंगे।

## चौकी प्रभारी निलंबित

**वाराणसी।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर अंकिता का मोबाइल अस्सी घाट से चोरी हो गया था। इस मामले में शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं करने पर चौकी प्रभारी अस्सी रोहित त्रिपाठी को एसीपी की जांच रिपोर्ट के बाद निलंबित कर दिया गया। डीसीपी काशी जोन गौरव वंशवाल ने बताया कि प्रकरण सामने आने के बाद एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार को जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि चौकी प्रभारी महिला के साथ मौके पर गए लेकिन मोबाइल की बरामदगी नहीं कराई। मुंबई निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अंकिता सपरिवार काशी घुमने आई थी। 30 दिसंबर को अस्सी पर भ्रमण के दौरान एक उचक्का उनका करीब दो लाख रुपये कीमत का आईफोन छीनकर फरार हो गया। घटना के बाद अंकिता ने अस्सी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन इसके बाद जांच ठीक से नहीं की।

## महामना महोत्सव के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा आयोजित महामना महोत्सव के अंतर्गत 5 जनवरी को ग्लोरियस एकेडमी, लंका में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल एवं ज्ञानवर्धक आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामान्य ज्ञान, समसामयिक विषयों तथा बौद्धिक प्रश्नों पर त्वरित सोच और सटीक उत्तरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष तिवारी (उद्यमी, वाराणसी) उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, जिज्ञासा बनाए रखने तथा सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से गिरीश चंद तिवारी (प्रबंधक, ग्लोरियस एकेडमी)



एवं गुंजन गुप्ता (प्रधानाचार्य, ग्लोरियस एकेडमी) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. हरेंद्र कुमार राय ने प्रतियोगिता के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महामना महोत्सव का लक्ष्य विद्यार्थियों में ज्ञान, विवेक और तार्किक क्षमता का विकास करना है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों का सामना किया, जो उनकी समग्र बौद्धिक तैयारी का परिचायक रहा।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## चंदौली समाचार

### हादसे के बाद सड़क पर तड़प रहा था शख्स, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, नहीं बची जान



**चंदौली।** नौगढ़ मधुपुर मार्ग पर डुमरिया मोड़ के समीप दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे में एक किसान घायल हो गया और सड़क किनारे तड़प रहा था। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस की नजर उस पर पड़ी तो आनन- फानन उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। यहां गंभीर हालत देख डॉक्टर ने बीएचयू रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गश्त के दौरान सोमवार की रात में रात एक बजे सड़क पर बाइक गिरी देख पुलिस ने गाड़ी रोकी। देखा तो सड़क किनारे एक शख्स घायल अवस्था में पड़ा था। आनन-फानन पुलिस ने अपने वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर चंद्र ने हालत गंभीर देखकर उसे बीएचयू रेफर कर दिया। उधर, घायल के मोबाइल से नंबर निकालकर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। शख्स के परिजन तत्काल अस्पताल पहुंचे। घायल की पहचान मोहन यादव निवासी चिकनी थाना चकरघट्टा के रूप में हुई। परिजन घायल को लेकर बीएचयू पहुंचे, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मीरजापुर समाचार

### दुकान जा रहे बाइक सवार की वाहन की टक्कर से मौत

**नरायनपुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के वाराणसी-मिर्जापुर मार्ग पर छोटा मिर्जापुर गांव के सामने सोमवार की दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के पास मिले मोबाइल से फोन कर घर वालों को सूचना देकर बुलाया गया। अदलहाट थानाध्यक्ष अजय सेठ ने बताया कि वाराणसी निवासी ओमकार नाथ सिंह (50) अपनी पत्नी के साथ वाराणसी में रहते हैं। सोनभद्र के सुकृत में दवा की दुकान संचालित करते थे। वह सोमवार की दोपहर बाइक से वाराणसी जा रहे थे। रास्ते में अदलहाट थाना क्षेत्र के छोटा मिर्जापुर गांव के सामने अज्ञात वाहन बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारकर भाग गई। हादसे में बाइक सवार ओमकार नाथ के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।

## प्रयागराज समाचार

### पिता, बहन और भांजी की हत्या के बाद बोरे में भरा शव, बाइक से तीन बार में ढोकर कुएं में फेंका



**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम लोकापुर विशानी में पिता, बहन और भांजी के हत्या मामले में पुलिस और खुलासे हुए हैं। पता चला कि तीनों की हत्या के बाद आरोपी अपने छोटे भाई मुकुंद की भी हत्या करने के फिराक में था। इसके लिए उसने बिहार से तमंचा खरीदा था। अगर मुकुंद की मौत हो जाती तो आरोपी चार बीघा जमीन हड़प लेता लेकिन वह अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो सका। मुकुंद राजमिस्त्री का काम करता है। शुक्रवार को वह बहरिया में मजूदरी करने गया था। अगले दिन शनिवार को घर लौट रहा था आरोपी मुकेश रास्ते में मिल गया। दोनों के बीच संपत्ति का विवाद हुआ और फिर आरोपी गोली मारकर फरार हो गया। गनीमत रही कि गोली गर्दन को छूती हुई निकल गई, जिससे मुकुंद की जान बच गई। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद मुकुंद अपने घर पहुंचा तो ताला जड़ा हुआ था। पिता के मोबाइल पर फोन किया तो नंबर बंद था।

## मऊ समाचार

### शुगर और एनीमिया से सात फीसदी महिलाओं में हो रहा है गर्भपात

**मऊ।** पांच छह महीने तक सब ठीक होने के बाद गर्भवती महिलाओं की तबीयत बिगड़ने और गर्भपात होने के मामलों में जांच के दौरान शुगर अनियंत्रित होना मिला है। बीते एक साल में महिलाओं में गर्भपात के सात फीसदी मामले बढ़े हैं। इसका कारण शुगर और एनीमिया है। बीते साल में महिला अस्पताल में करीब 150 से अधिक ऐसे में मामले पहुंचे हैं। इसमें जांच के दौरान अनियंत्रित शुगर को इसका मुख्य कारण माना गया हैं। इसमें 70 फीसदी महिलाओं को शुगर होने की जानकारी भी नहीं थी। अस्पताल के आंकड़े देखे तो गर्भपात के बीते दिसंबर में 11, नवंबर माह 9 मामले आए। जबकि जनवरी से अब कुल 150 महिलाओं में गर्भपात की समस्या लेकर अस्पताल पहुंची थीं, जिसमें जांच में वह शुगर की मरीज मिलीं।

## गाजीपुर समाचार

### सिविल बार एसोसिएशनः गाजीपुर में 515 वोट से अध्यक्ष बने राजेंद्र, अंजनी 282 मतों से विजयी



**गाजीपुर।** सिविल बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव सोमवार को संपन्न हो गया। कड़ी सुरक्षा के बीच अधिवक्ताओं ने मतों का प्रयोग किया। शाम सात बजे मतगणना समाप्त होने के बाद अध्यक्ष पद पर राजेंद्र विक्रम सिंह और महासचिव पद पर अंजनी कुमार ठाकुर विजयी घोषित किए गए। चुनाव में 905 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम, सह सचिव प्रशासन, सह सचिव पुस्तकालय, वरिष्ठ कार्यकारिणी और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध घोषित किए गए। वहीं, कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय का पद रिक्त है। मुख्य चुनाव अधिकारी अरविंद सिंह उर्फ सिंहासन सिंह ने बताया कि सुबह दस बजे से मतदाताओं ने वोट डालना शुरू कर दिया। चार बजे मतदान समाप्त हो गया। कुल 905 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। शाम पांच बजे से मतगणना शुरू हुई। शाम सात बजे तक रिजल्ट आ गया।

## बलिया समाचार

### भाजपा के इशारे पर भेजे जा रहे नोटिस : रिजवी

**सिकंदरपुर।** सपा सिकंदरपुर की मासिक बैठक सोमवार को पार्टी कार्यालय पर हुई। इस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर चर्चा की गई। क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिज़वी ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर पीडीए वर्ग के लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं के फॉर्म भरवाए हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने मतदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया है।

उन्होंने बताया कि सी श्रेणी में रखे गए मतदाताओं को आयोग नोटिस भेज रहा है। इनमें 12 प्रकार के दस्तावेजों में किसी एक को प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि नोटिस प्राप्त मतदाताओं के दस्तावेज समय से जमा कराएं। आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर पीडीए वर्ग के लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### स्कूल में फंदे से लटका मिला प्राचार्य हत्याकांड के आरोपी का शव



**सुल्तानपुर।** शहर के संत तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामलीला मैदान के एक कक्ष में सोमवार रात प्राचार्य हत्याकांड के आरोपी अनिल मिश्र (42) का शव पंखे से रस्सी के फंदे से लटकता मिला। संदिग्ध हालत में हुई मौत के बारे कोई कुछ बता नहीं पा रहा है। अनिल की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची है।

कोतवाली नगर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनिल रामलीला मैदान परिसर में शाम को हुए पूजन कार्यक्रम में अनिल हुआ था। इसके बाद वह स्कूल के एक कमरे में चला गया था। मूलतः कोतवाली देहात के मझिलेगांव चैनपुर, भपटा निवासी अनिल मिश्र शहर के पयागीपुर में रहता था। वह गनपत सहाय पीजी कॉलेज सीताकुंड में लिपिक था। गनपत सहाय के प्राचार्य प्रताप बहादुर सिंह व उनके गनर सुरेश सिंह हत्याकांड में उसका नाम चर्चा में आया था। उसकी पत्नी सुषमा मिश्रा संत तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रबंधक बताई जा रही हैं। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

गनपत सहाय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीबी सिंह व उनके प्राइवेट गनर सुरेश सिंह की 23 दिसंबर 2011 की सुबह कॉलेज के सामने ही बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्राचार्य की पत्नी कोकिला सिंह निवासी नौहर हुसैनपुर, जिला प्रतापगढ़ ने कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने छह अक्तूबर 2021 को पांचों आरोपियों जितेंद्र शुक्ल, अनिल मिश्र, सौरभ मिश्र, दीपक तिवारी व जितेंद्र प्रकाश मिश्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस मामले में अनिल मिश्र व अन्य आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। अनिल मिश्र कई स्थानों पर भूमि खरीद-फरोख्त करते थे। उनका नाम प्रापर्टी डीलरों में शुमार था। बताया जा रहा है कि विनोबापुरी, लोलेपुर, पयागीपुर, अहिमाने सहित स्थानों पर उन्होंने जमीन में पैसा निवेश किया था।

## देवरिया समाचार

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**भागलपुर।** मईल थाना क्षेत्र के जिरासो गांव निवासी प्रियंका देवी पत्नी नागेंद्र यादव सोमवार को शाम जहरीला पदार्थ खाने से तबीयत बिगड़ गई। परिजन देवरिया हास्पिटल ले गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार की सुबह प्रियंका देवी ने खाना बनाया और परिजनों को भोजन कराने के बाद जहरीली पदार्थ खा लिया।

परिजन स्थिति खराब होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला कि मृत्यु हो गई। छह माह पूर्व महिला कि शादी हुई थी। पति नागेन्द्र यादव चेन्नई के पास पोकलेन चलाने का कार्य करता था एक माह पूर्व घर आया था। मौत कि सूचना जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। डॉ. अविनाश मौर्या ने बताया कि महिला जहरीला पदार्थ खाई थी।

## गोरखपुर समाचार

### अब प्रकाशित होगी अंतिम सूची, 3.22 लाख मतदाताओं को जाएगा नोटिस

**गोरखपुर।** मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मंगलवार को अनंतिम सूची प्रकाशित हो जाएगी। इसके बाद बिना मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस दिया जाएगा कि वे अपनी नागरिकता के प्रमाण से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें। इसमें ज्यादातर बिहार से आकर बसे लोग हैं। इन्हें अपने माता-पिता के बिहार एसआईआर में दर्ज होने का संदर्भ देना होगा।

जिले में बिना मैपिंग वाले 3,22,468 मतदाताओं को नोटिस दिया जाएगा, क्योंकि उनकी मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से नहीं हो सकी है। एक जुलाई 1987 से पहले जन्मतिथि वाले मतदाताओं को स्वयं के दस्तावेज देने होंगे, जबकि उसके बाद जन्म लेने वाले मतदाताओं को माता-पिता में एक या दोनों के दस्तावेज जमा करने होंगे। दो द्रदिसंबर 2004 के बाद जन्म लेने वाले मतदाताओं को अपने माता-पिता के दस्तावेज भी जमा करने होंगे। वहीं, ऐसे मतदाता जिन्होंने घोषणा प्रपत्र भर दिया है उन्हें नोटिस नहीं दिया जाएगा। मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे और नए मतदाता बनाने के लिए फॉर्म भरे जाएंगे।एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीत कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को अनंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसके बाद बिना मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस भेजा जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चलाए गए वृहद पुनरीक्षण अभियान के क्रम में अनंतिम सूची पर मांगे गए दावे एवं आपत्तियों की समय सीमा में एक लाख 35 हजार 115 मतदाता बढ़ गए हैं। करीब 36,850 आवेदन मतदाता बनने के लिए थे। 6,157 आवेदन नाम काटने के लिए थे, जो अब 23,759 हो गई है। इस तरह अनंतिम मतदाता सूची में वोटरों की संख्या 29,88,605 थी जो अब 30,99,961 हो गई है।

## भदोही समाचार

### सीतामढ़ी में पीपा पुल से गुजरेंगे तीन टन भार के वाहन



**सीतामढ़ी।** जनपद के दो पीपा पुलों पर सोमवार से आवागमन शुरू हो गया। सीतामढ़ी के मिश्रपुर पीपा पुल पर 3 टन भार के वाहन आ-जा सकेंगे। वहीं, रामपुर घाट पर पीपा पुल पैदल और बाइक चालकों के लिए खोल दिया गया। इससे जिले के 60 हजार लोगों का लाभ मिला है। जिले में पांच पीपा पुल बनाए जाने हैं। इसमें रामपुर, धनतुलसी और सीतामढ़ी पीपा पुल पहले से बनते आ रहे हैं। वहीं, सेमराध और नेढ़वढियां गंगा घाट पर इस साल से नया पीपा पुल बनाने की अनुमति मिली है। गंगा में आई बाढ़ के कारण कार्तिक पूर्णिमा स्नान के बाद से ही संचालित होने वाला पुल इस साल जनवरी में शुरू हो रहा है।

## सोनभद्र समाचार

### शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी



**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन जनवरी,2026 महीने के पहले शनिवार को अवकाश पड़ने के कारण सोमवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह सिंह ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। कुछ प्रकरणों में टीम गठित कर, क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकर्ताओं के शिकायतों के निस्तारण हेतु भेजा गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये, इसके पश्चात न्यायोचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट, श्रम विभाग आदि के लगाये गये

## जौनपुर समाचार

### दस फीट खाई में गिरने के बाद पेड़ से टकराई कार, दो की मौत



**सिंगरामऊ ( जौनपुर )।** थानाक्षेत्र के साढ़ापुर गांव से होकर गुजरे फोरलेन हाईवे-731 पर सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे एक कार अनियंत्रित होकर दस फीट गहरी खाई में पलट गई। इसके बाद कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बाराबंकी के निवासी हैं।

सिंगरामऊ थानाध्यक्ष सैयद हुसैन मुंतजर ने बताया कि बाराबंकी जिले के कोतवाली थानाक्षेत्र के नवाबगंज निवासी नसीरुद्दीन सिद्दीकी (45) अपने साथी वसीम अहमद (43) के साथ कार से जौनपुर की तरफ जा रहे थे। वह साढ़ापुर गांव के नजदीक पहुंचे थे कि कार अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे 10 फीट गहरी खाई में चली गई और पेड़ से टकरा गई। इससे नसीरुद्दीन सिद्दीकी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वसीम अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को बदलापुर अस्पताल और फिर जिला अस्पताल ले गई। वहां से हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आजमगढ़ समाचार

### पुलिस को देखकर भागा गबन का आरोपी मदरसा प्रबंधक, तबीयत बिगड़ने से मौत



**लाटघाट ( आजमगढ़ )।** रौनापार थाना क्षेत्र में सोमवार को गबन के आरोपी मदरसा प्रबंधक पुलिस टीम को आता देखकर भागने लगा। इससे तबीयत बिगड़ गई। आरोपी की तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर पुलिस लौट आई। वहीं परिजन प्रबंधक को निजी अस्पताल ले गए जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। इसके बाद उन्हें आजमगढ़ ले जाते समय प्रबंधक की रास्ते में मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। इसके बाद परिजनों ने थाने के सामने शव को रखकर प्रदर्शन किया। रौनापार गांव निवासी कलामुद्दीन (56) जो एक मदरसे के प्रबंधक रहे हैं, उनके खिलाफ फरवरी 2025 में एसआईटी ने मदरसे में गबन और धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस के अनुसार वह इस मामले में वांछित चल रहे थे। सोमवार सुबह 10 बजे रौनापार पुलिस उनके घर दबिश देने पहुंची। पुलिस का कहना है कि आरोपी को थाने ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर पुलिस लौट आई। वहीं, मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कलामुद्दीन के साथ मारपीट की, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। रौनापार पुलिस ने मारपीट के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पुलिस का कहना है कि दबिश के दौरान कोई मारपीट नहीं हुई। पुलिस को देखकर आरोपी घबराया और उसकी तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलने पर पुलिस लौट गई थी। परिजनों के मुताबिक, कलामुद्दीन पहले से ही हृदय रोग से पीड़ित थे और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी। पुलिस के जाने के बाद उनकी तबीयत अचानक और बिगड़ गई। परिजन उन्हें चांदपट्टी स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। इसके बाद आजमगढ़ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सोमवार दोपहर 12:30 से 1 बजे के बीच शव को रौनापार थाने के सामने रखकर प्रदर्शन किया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी सिटी शुभम, समेत जहानागंज, बिलरियागंज, लाटघाट चौकी और जीयनपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

## लाइफ मंत्र

### मौनी अमावस्या कब है? माघ मेले में इस दिन क्यों होता है सबसे बड़ा स्नान



हिंदू पंचांग में मौनी अमावस्या को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी तिथि माना गया है। माघ मास में आने वाली यह अमावस्या स्नान-दान, मौन व्रत और मोक्ष साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। इसी कारण हर वर्ष माघ मेले और कुंभ जैसे आयोजनों में इस दिन श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखने को मिलती है। वर्ष 2026 में मौनी अमावस्या का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है।

**हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2026 में मौनी अमावस्या की तिथि इस प्रकार हैः**

**मौनी अमावस्याः** 18 जनवरी 2026, रविवार

**अमावस्या तिथि प्रारंभः** 18 जनवरी 2026, रात 12:03 बजे

**अमावस्या तिथि समाप्तः** 19 जनवरी 2026, रात 01:21 बजे

यह अमावस्या माघ कृष्ण पक्ष में आती है इसलिए इसे माघी अमावस्या या माघ अमावस्या भी कहा जाता है।

**मौनी अमावस्या का धार्मिक और पौराणिक महत्व**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने से हजारों अश्वमेध यज्ञों के समान पुण्य प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन देवता स्वयं त्रिवेणी संगम (गंगा-यमुना-सरस्वती) में स्नान करने आते हैं, इसलिए इस दिन का स्नान दिव्य स्नान कहलाता है। माघ मास में सूर्य देव मकर राशि में स्थित रहते हैं और मौनी अमावस्या के दिन सूर्य और चंद्रमा का विशेष संयोग बनता है, जो मोक्ष प्राप्ति के लिए अत्यंत शुभ माना गया है।

**माघ स्नान का सबसे बड़ा दिन क्यों मानी जाती है मौनी अमावस्या?**

मौनी अमावस्या को माघ स्नान का सबसे बड़ा दिन इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस दिन मौन व्रत का विशेष महत्व है। संगम में स्नान करने से पापों का नाश होता है। आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का श्रेष्ठ अवसर मिलता है। यह दिन पितृ तर्पण के लिए भी अत्यंत शुभ माना गया है। कहा जाता है कि जो श्रद्धालु इस दिन मौन धारण कर संगम स्नान करता है, उसके जन्म-जन्मांतर के दोष समाप्त हो जाते हैं।

**मौनी अमावस्या पर दान का महत्व**

शास्त्रों के अनुसार इस दिन किया गया दान अक्षय फल देता है। विशेष रूप से तिल, कंबल, अन्न और वस्त्र, गौदान। इन दानों से पुण्य की प्राप्ति होती है और पितृ दोष शांत होते हैं। मौनी अमावस्या 2026 न केवल माघ मेले की सबसे महत्वपूर्ण तिथि है, बल्कि यह आत्मशुद्धि, दान-पुण्य और मोक्ष साधना का महापर्व भी है। इस दिन संगम स्नान, मौन व्रत और दान करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।







# Winter Co-ord Set

# विंटर में ऑफिस लुक को बनाएगा अट्रैक्टिव, आप दिखेंगी स्टाइलिश

**ठंड के मौसम में अगर आप ऑफिस लुक को आकर्षक बनाना चाहती हैं, तो स्टाइलिश को-ऑर्ड सेट एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। ऐसे आउटफिट पहनने पर न सिर्फ आपका लुक एलिगेंट दिखाई देता है, बल्कि दिनभर आपको आराम भी मिलता है। यह ऑफिस वियर के लिए परफेक्ट रहता है और आपको स्मार्ट लुक देता है।**

सर्दियों में ऑफिस के लिए परफेक्ट लुक पाने के लिए कई सारे आउटफिट की खोज हम सभी करते हैं। यह काम किसी पापड़ बेलने से कम नहीं है। अक्सर होता है कि हम अलग-अलग डिजाइंस के स्वेटर देखते हैं, लेकिन कुछ समझ नहीं आता है। हम जैकेट को खरीदकर स्टाइल कर लेते हैं। अगर आप वूलन को ऑर्ड सेट खरीदकर स्टाइल करेंगी, तो यह आपके ऑफिस लुक में चार चांद लगा देगा। वूलन को-ऑर्ड सेट पहनकर स्टाइलिश लुक पा सकती हैं। आइए आपको इस लेख में विंटर को ऑर्ड सेट के डिजाइंस से आइडिया ले सकते हैं।

**ज्योमेट्रिकल डिजाइन वाले को ऑर्ड सेट**

ऑफिस लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट को चुन सकती हैं। इसे पहनने के बाद आपका लुक काफी एलिगेंट और प्रोफेशनल दिखाई देगा। इसमें ऊपर की ओर ज्योमेट्रिकल पैटर्न वाला स्वेटर होता है, जबकि साथ में मिलने वाली पैंट सादे डिजाइन की होती है। इस तरह का को-ऑर्ड सेट न सिर्फ ट्रेंडी होता है, बल्कि आरामदायक भी होता है और आपको यह आसानी से मार्केट में मिल जाएगा।

**प्रिंटेड पैटर्न डिजाइन**

अगर आपको स्टाइलिश दिखाना है तो आप प्रिंटेड पैटर्न डिजाइन वाले वूलन को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट बेहद ही प्यार लगते हैं। इसमें आपको पूरे सेट में प्रिंटेड डिजाइन मिलता है। इसके साथ ही एक्सेसरीज भी स्टाइल कर सकते हैं, इससे लुक अच्छा नजर आएगा। आप ऑनालाइन या ऑफलाइन कहीं से खरीद सकती हैं।

**सिंपल डिजाइन वाले को ऑर्ड सेट करें स्टाइल**

ऑफिस लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप सिंपल डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट को ट्राय कर सकती हैं। ऑफिस के लिए इस तरह का आउटफिट पहनने पर आपका लुक साफ-सुथरा और स्टाइलिश दिखाई देगा। इसमें बॉर्डर वर्क की डिटेलिंग होती है और आगे की जैकेट में बो डिजाइन देखने को मिलता है, जो इसे खास बनाता है। ऐसा को-ऑर्ड सेट पहनने से पूरा लुक निखरकर सामने आता है और ये आपको मार्केट में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप


DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Neelam stone
Pokhraj stone
Panna stone
Manik stone
Moonga stone
Opal stone
Lahsuniya stone
Firoza stone
Gomed Stone
Diamond stone
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682


# घर से निकलने से पहले देख लें हवा का हाल

## Google Maps बताएगा आपके शहर का AQI




सर्दियों की दस्तक के साथ ही देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ने लगता है। धुंध, स्मॉग और जहरीली हवा न सिर्फ सांस लेना मुश्किल कर देती है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा या एलर्जी से पीड़ित लोगों के लिए यह और भी खतरनाक हो जाता है। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि आप जिस इलाके में हैं या जहां जाने की योजना बना रहे हैं, वहां की हवा कितनी सुरक्षित है।

**Google Maps का नया AQI फीचर क्या है?**

लोगों की इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए Google Maps ने भारत में एयर क्वालिटी इंडेक्स की सुविधा शुरू की है। इस फीचर की मदद से यूजर्स किसी भी शहर या इलाके की हवा की गुणवत्ता की रियल-टाइम जानकारी हासिल कर सकते हैं। खास बात यह है कि अब आपको अलग-अलग वेबसाइट या ऐप पर जाने की जरूरत नहीं, क्योंकि रास्तों की जानकारी देने वाला Google Maps अब हवा की हालत भी बता रहा है। यह फीचर मोबाइल ऐप (Android Deewj iOS) के साथ-साथ डेस्कटॉप वर्जन पर भी उपलब्ध है। यानी चाहे आप फोन पर ट्रैवल प्लान कर रहे हों या लैपटॉप पर AQI की जानकारी बस कुछ टैप में मिल जाएगी।

**क्यों जरूरी है AQI जानना?**

आज के समय में बहुत से लोगों को काम, पढ़ाई या बिजनेस के चलते एक शहर से दूसरे शहर जाना पड़ता है। अगर पहले से यह पता चल जाए कि किसी शहर की हवा कितनी खराब है, तो आप अपने ट्रैवल और आउटडोर एक्टिविटीज की बेहतर प्लानिंग कर सकते हैं।

- क्या बाहर मॉर्निंग वॉक करनी चाहिए या नहीं
- बच्चों को बाहर खेलने भेजना सुरक्षित है या नहीं
- मास्क पहनना जरूरी है या नहीं

इन सभी सवालों के जवाब AQI देखकर आसानी से मिल सकते हैं।

**रंगों से समझिए हवा की सेहत**

Google Maps पर AQI को समझाने के लिए नंबर के साथ-साथ कलर कोड सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है, ताकि आम यूजर भी आसानी से हवा की स्थिति समझ सके।

- 0–50 (हरा रंग): गुड – हवा बिल्कुल साफ और सुरक्षित
- 51–100 (हल्का हरा/पीला): सैटिस्फैक्टरी – सामान्य गतिविधियों के लिए ठीक
- 101–200 (पीला/नारंगी): मॉडरेट – संवेदनशील लोगों को सावधानी
- 201–300 (नारंगी/लाल): खराब – बाहर निकलने से बचें
- 301–400 (गहरा लाल): बहुत खराब – स्वास्थ्य पर गंभीर असर
- 401–500 (बैंगनी/गहरा रंग): सिवियर – इमरजेंसी जैसी स्थिति

इन रंगों को देखकर आप तुरंत समझ सकते हैं कि कौन सा इलाका ज्यादा प्रदूषित है।


नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170